Uturn Time 29 Mar 2026_Layout 2 28-03-2026 22:59 Page 1

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

PANORA 2026
THE PROPERTY FEST
Date 10-11th April, 2026
Time 10 am to 8:00 pm
Venue Nirvana Luxury Hotel, Ludhiana

VOL: 11 | ISSUE 75 | SUNDAY 29-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दाना मंडी में चल रहा अवैध बस अड्डा, दुकानों से हो रही बुकिंग, जिम्मेदार विभागों की चुप्पी पर उठे सवाल



मिलन

लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। बहादुरके रोड़ स्थित न्यू दाना मंडी क्षेत्र में इन दिनों एक गंभीर अनियमितता सामने आ रही है। जहां मंडी परिसर के भीतर ही निजी बस ऑपरेटरों द्वारा खुलेआम सवारियों की बुकिंग और चढ़ाई-उतराई की जा रही है। मौके से प्राप्त तस्वीरों और जमीनीं हालात से स्पष्ट है कि यह स्थान धीरे-धीरे एक अनधिकृत बस अड्डे का रूप ले रहा है।

दुकानों के बाहर बैठे लोग बसों का इंतजार करते दिखाई देते हैं, वहीं पास में खड़ी बसों में यात्रियों को चढ़ाया जा रहा है। जिससे यह साफ हो जाता है कि यहां नियमित रूप से बस सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यहां से सीधे अन्य राज्यों के लिए भी बसें रवाना की जा रही हैं, जिससे यह गतिविधि और अधिक गंभीर हो जाती है। इस इललीगल एक्टिविटी को देखकर भी मंडी बोर्ड के अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं। अब उनकी मिलीभगत है या दबाव के कारण कार्रवाई नहीं हो रही, यह तो वहीं बता सकते हैं।

### मंडी बोर्ड के नियमों की खुली अवहेलना

न्यू दाना मंडी में बनी दुकानों का मूल उद्देश्य केवल कृषि संबंधी गतिविधियों तक सीमित है। लेकिन वर्तमान में इन दुकानों का उपयोग पूरी तरह बदल दिया गया। कई दुकानों को बस बुकिंग कार्यालय और यात्री प्रतीक्षा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो मंडी बोर्ड के नियमों का सीधा उल्लंघन है। यह स्थिति न केवल नियमों की अनदेखी को दशार्ती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि मंडी क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों का स्वरूप अनियंत्रित तरीके से बदल रहा है।

### परिवहन विभाग की चुप्पी पर भी उठ रहे सवाल

ज़िला परिवहन विभाग की भूमिका भी इस पूरे मामले में सवालों के घेरे में है। नियमों के अनुसार कोई भी बस केवल अधिकृत बस स्टैंड या निर्धारित स्टॉप से ही सवारियां चढ़ा सकती है। बाहरी राज्यों के लिए सीधे बसों की लोडिंग यह दशार्ती है कि परमिट शर्तों और निर्धारित मार्गों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। इसके अलावा, इस तरह के अवैध संचालन से पंजाब सरकार को मिलने वाले राजस्व पर भी सीधा असर पड़ता है, क्योंकि अधिकृत बस अड्डों, टैक्स और फीस से होने वाली आय को दरकिनार किया जा रहा है।

### दिनदहाड़े हो रहा खेल, ट्रैफिक पुलिस बनी मूकदर्शक...

ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेर में है, क्योंकि यह पूरा संचालन दिन के उजाले में होने पर भी कोई रोक-टोक नहीं की जा रही। भारी बसें और ट्रक खुले में खड़े रहते हैं, जिससे आवाजाही भी प्रभावित होती है। अव्यवस्थित पार्किंग के कारण क्षेत्र में जाम और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।

### यात्रियों के साथ हो रहा शोषण

चर्चा है कि कुछ यात्रियों के साथ धोखाधड़ी की घटनाएं भी सामने आई हैं, हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। लोगों का आरोप है कि यात्रियों, विशेषकर साधारण और कम जानकारी रखने वाले लोगों से मनमाना किराया वसूला जाता है और उन्हें सही जानकारी दिए बिना यात्रा को मजबूर किया जाता है। यह स्थिति आर्थिक शोषण की ओर इशारा करती है। स्थानीय निवासियों के लिए यह स्थिति लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। धूल, शोर और भारी वाहनों की आवाजाही ने क्षेत्र का वातावरण खराब कर दिया है, जिससे यहां रहना मुश्किल होता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो न्यू दाना मंडी पूरी तरह एक अवैध ट्रांसपोर्ट हब में तब्दील हो जाएगी।

**मंडी बोर्ड अधिकारियों की इंटेलिजेंस फेल...**इस अवैध कार्य से एक बात साफ है कि मंडी बोर्ड के अधिकारियों की इंटेलिजेंस फेल हो चुकी है। जिसके चलते उन्हें अपने परिसर में हो रहे अवैध कार्यों का पता नहीं चल पा रहा। चर्चा है कि मंडी बोर्ड के कुछ अधिकारियों की छत्रछाया के चलते ही यह अवैध धंधा फलफूल रहा है।



यूटर्न टाइम




## गुस्ताखी माफ



बच्चों को समझा रहे, क्यों बातें बेकार।
हेरा-फेरी बिन कहां, लगती नैया पार।
लगती नैया पार, हूंजनी पड़ती हुंजी।
नहीं परिश्रम मात्र, सफलता की अब कुंजी।
कह साहिल कविराय, बनाते काहे लालू।
सीधे-वीधे नहीं, बनाएं उनको चालू।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

# ईरान-इजरायल युद्ध के बीच चंडीगढ़ में गैस संकट से निपटने की तैयारी, PNG कनेक्शन को बढ़ावा



चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। गैस की संभावित कमी को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अगले एक सप्ताह तक शहर के रेजिडेंशियल इलाकों में पीएनजी कनेक्शन के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिसमें मौजूदा 22 हजार कनेक्शनों को बढ़ाकर 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनियों को 3 दिन के भीतर कनेक्शन मंजूर करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके। फिलहाल शहर के करीब 30% इलाकों में ही सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) सुविधा उपलब्ध है, जबकि 3 लाख से ज्यादा एलपीजी कनेक्शन मौजूद हैं। प्रशासन का लक्ष्य इन एलपीजी कनेक्शनों को धीरे-धीरे पीएनजी में बदलना है, जिससे गैस आपूर्ति अधिक सुरक्षित और निर्बाध हो सके।

इसके अलावा होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों जैसे बड़े उपभोक्ताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर CGD से जोड़ा जाएगा। प्रशासन ने गैस पाइपलाइन बिछाने और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन इलाकों में पहले से पीएनजी लाइन मौजूद है, वहां के करीब 90 हजार एलपीजी कनेक्शनधारकों को 3 महीने के भीतर पीएनजी कनेक्शन लेना होगा। अन्यथा उनके एलपीजी कनेक्शन बंद किए जा सकते हैं। यह कदम गैस संकट के दौरान सप्लाई को संतुलित बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

# ‘दिलचस्प किस्सा उद्घाटन कराने का’

लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। लुधियाना को पंजाब की मैनचेस्टर सिटी कहा जाता है। कारोबारी शहर होने के चलते लोग यहां पर रोजाना नए मामले देखने और सुनने को मिलते हैं। लेकिन इस बीच एक दिलचस्प किस्सा उद्घाटन का निकलकर सामने आया है। जिसमें एक कारोबारी को अपनी बिल्डिंग का उद्घाटन कराना महंगा पड़ गया। उसे इसकी कीमत लाखों रुपए में चुकानी पड़ गई। दरअसल, फौव्वारा चौक के नजदीक स्थित सिमिट्री रोड पर एक ज्वैलर की और से कुछ समय पहले अपने नए शोरुम का उद्घाटन किया गया। उसकी और से वहां पर नगर निगम हाउस की मेंबर एक महिला लीडर को चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया। निगम के एक उच्च अधिकारी को भी वहां निमंत्रित किया गया था। चर्चा है कि उक्त महिला लीडर की और से वहां से करीब सात लाख कीमत का एक बेशकीमती हार पसंद किया गया, जबकि अधिकारी द्वारा भी लाखों के गहने लिए गए। दोनों ने गहनों की पेमेंट अदा नहीं की। जब व्यापारी ने पेमेंट मांगी तो उसे निगम की कार्रवाई का सामने करना पड़ा। चर्चा है कि नतीजाजनक उक्त व्यापारी का हार व गहने तो गए ही बल्कि उसे अपनी तरफ से और पेमेंट देकर अपना और बिल्डिंग सीलिंग से बचाव करना पड़ा। हालांकि चर्चा है कि उक्त व्यापारी की बिल्डिंग भी इललीगल है। जिस कारण उसे इतना नुकसान चुपचाप झेलना पड़ा। अब शहर में उक्त महिला लीडर और उच्च अधिकारी के नाम को लेकर अलग अलग चचाएं चल रही हैं। हालांकि शहर की जनता और निगम के मुलाजिम उक्त लीडर व अधिकारी के बारे में अच्छे से जानते भी है, लेकिन वह खुलकर नाम लेने से गुरेज कर रहे हैं।




## कुछ दिन बाद मांगी पेमेंट तो निगम टीम पहुंची

चर्चा है कि शोरुम की ओपनिंग के दौरान महिला लीडर और अधिकारी अपनी-अपनी पसंद के गहने लेकर पेमेंट बाद में करने की बात कहकर चले गए। गहनों के अलावा व्यापारी ने उन्हें गिफ्ट भी दिए थे। पेमेंट न आने पर कुछ दिन बाद व्यापारी ने पहले अधिकारी व लीडर को बिल भेजा। फिर महिला लीडर के नेता पति को कॉल कर पेमेंट मांगी। उसने दो घंटे में पेमेंट का बताने को कहा। दो घंटे बाद पेमेंट तो नहीं आई लेकिन निगम की टीम शोरुम की बिल्डिंग सील करने पहुंच गई। व्यापारी ने उक्त महिला लीडर के जरिए कार्रवाई रुकवाई।

**बार-बार टीम आने पर व्यापारी लीडर के पति पास पहुंचा...**व्यापारी को पहली बार समझ नहीं लगा कि आखिर टीम उक्त महिला लीडर के पति ने भेजी है। जिसके बाद उसने कुछ दिन बाद फिर फोन कर पेमेंट मांगी तो फिर टीम पहुंच गई। तीसरी बार भी इसी तरह हुआ। जिससे व्यापारी को सारी बात समझ लग गई। उसे अपनी आलीशान बिल्डिंग का खतरा पड़ गया। चौथी बार टीम पहुंची तो व्यापारी महिला लीडर के पति के पास ही पहुंच गया। वहां उसका राजीनामा हुआ। जिसके बाद उसका हार तो गया ही साथ में अपनी तरफ से और अदायगी देकर बचाव करना पड़ा। हालांकि अधिकारी द्वारा भी अपने गहनों की अदायगी नहीं की गई। उसे भी व्यापारी को नुकसान समझकर झेलना पड़ा।

**बिल्डिंग सेफ रखने को बुलाए थे चीफ गेस्ट...**चर्चा है कि उक्त ज्वेलर की पूरी बिल्डिंग ही इललीगल बनी हुई है। यहां तक कि जहां बिल्डिंग बनी है, वहां कमर्शियल कारोबार हो ही नहीं सकता था। यह पता होने के बावजूद निर्माण किया गया। फिर बिल्डिंग को सेफ रखने के मकसद से व्यापारी द्वारा निगम की महिला लीडर और उच्च अधिकारी को उद्घाटन पर निमंत्रित किया गया। ताकि कल को अगर कोई समस्या आए, तो वे उसका बचाव कर सकें। लेकिन इसका खामियाजा उसे भारी भरकम तौर पर भुगतना पड़ा।

## लीडर्स को उद्घाटन बुलाने से गुरेज करने लगे व्यापारी

इस मामले के बाद से अब लोगों द्वारा अपनी ओपनिंग सेरेमनी पर निगम लीडर्स को बुलाने से गुरेज करना शुरू कर दिया गया है। अब सभी को उन्हें निमंत्रित करना घाटे का सौदा लगने लग गया है। हालांकि इस मामले के बाद व्यापारियों के बीच चर्चा शुरू हो गई कि इससा अच्छा था कि निगम की कार्रवाई करवा लेते। वह जुमार्ना इस नुकसान से कम ही होता।

## महिला का विवादों से पुराना नाता

वहीं चर्चा है कि उक्त महिला नेत्री का विवादों से पुराना नाता रह चुका है। पहले भी उस पर कई तरह के हेरफेर करने के आरोप लग चुके हैं। हालांकि हर बार महिला नेत्री द्वारा खुद को ईमानदार दिखा दिया जाता है। लेकिन शहर में चर्चा है कि पहले लीडर के पास पर्याप्त साधन और चीजें थी। लेकिन आज के समय में बेशकीमती चीजें मौजूद है। ऐसे में चर्चा छिड़ गई कि आखिर महिला नेत्री के हाथ में ऐसी कौन सी लाटरी लगी है, जिससे इतना बदलाव आ गया।

# होशियारपुर में ‘श्रीमद् भागवत कथामृत’ हेतु केंद्रीय मंत्री मेघवाल को दिया गया निमंत्रण

होशियारपुर/यूटर्न/28 मार्च। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (DJJS) द्वारा आयोजित होने जा रहे सात दिवसीय भव्य ‘श्रीमद् भागवत कथामृत’ के लिए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को औपचारिक निमंत्रण भेंट किया गया। संस्थान के प्रतिनिधि स्वामी गिरधरानंद और स्वामी सज्जनानंद ने उनसे मुलाकात कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर मंत्री ने संस्थान द्वारा समाज में आध्यात्मिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और नैतिक मूल्यों के प्रसार के प्रयासों की सराहना की और आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। यह धार्मिक आयोजन 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक रोशन ग्राउंड, मॉडल टाउन, होशियारपुर में प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। कथा वाचन साध्वी वैष्णवी भारती द्वारा किया जाएगा, जो भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से ब्रह्मज्ञान और आत्मिक शांति का संदेश देंगी। कार्यक्रम से पूर्व 10 अप्रैल को दोपहर 2 बजे भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं और गणमान्य व्यक्तियों को सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया है, ताकि इस आध्यात्मिक आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का संदेश फैल सके।



लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 रविवार, 29 मार्च 2026



पेज 06 सनमती विमल जैन स्कूल में धार्मिक अनुष्ठान के साथ...

# मंत्री अरोड़ा ने राजपुरा में अत्याधुनिक फूड फैसिलिटी का दौरा किया, औद्योगिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। पंजाब के उद्योग और वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय सरकार के कैबिनेट मंत्री, संजीव अरोड़ा ने शनिवार राजपुरा में मिसिज बेक्टर्स फूड स्पेशलिस्ट लिमिटेड की अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक विकास को मजबूत करने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने पर राज्य सरकार के लगातार फोकस को रेखांकित किया। 2018 में स्थापित और 32 एकड़ में फैली, राजपुरा यूनिट की मासिक उत्पादन क्षमता लगभग 6,200 टन है। इस फैसिलिटी में 2,000 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं और इसने रोजी-रोटी के कई अवसर पैदा किए हैं, जिनमें 350 से ज्यादा महिलाओं के लिए रोजगार भी शामिल है। कंपनी अपनी महिला कर्मचारियों के लिए एक समर्पित हॉस्टल बनाने की भी योजना बना रही है, जिससे समावेशी औद्योगिक विकास को और बढ़ावा मिलेगा।



## मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों का दौरा किया

दौरे के दौरान, मंत्री ने अलग-अलग विशेष मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों का दौरा किया और फैसिलिटी में काम करने के उच्च मानकों, ऑटोमेशन, और गुणवत्ता और सुरक्षा नियमों के सख्त पालन की सराहना की। इस मौके पर बोलते हुए, मैनेजिंग डायरेक्टर अनूप बेक्टर ने पंजाब के औद्योगिक माहौल में अपना पूरा भरोसा जताया। उन्होंने बताया कि कंपनी का लगातार निवेश उसके उत्पादों की श्रेणी को और मजबूत करेगा, साथ ही घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में उसकी पहुँच का भी विस्तार करेगा।

## २०२६ में २१०० करोड़ की बिक्री की

भारत के फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में एक जाना-माना नाम, मिसिज बेक्टर्स फूड स्पेशलिस्ट ने 2026 में लगभग 2,100 करोड़ की बिक्री दर्ज की। कंपनी पूरे देश में अपने नौ प्लांटों में बिस्किट, ब्रेड, बेकरी आइटम और फ्रोजन फूड सहित कई तरह के उत्पाद बनाती है। अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज में लगभग 1,500 करोड़ के निवेश के साथ, कंपनी अपने उत्पादों को 70 से ज्यादा देशों में निर्यात करती है और 900 से ज्यादा डिस्ट्रीब्यूटरों के नेटवर्क की मदद से 5.5 लाख से ज्यादा रिटेल आउटलेट्स पर अपनी मजबूत घरेलू मौजूदगी बनाए हुए है। यह फि लहाल पंजाब में बिस्किट बनाने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, जिसका बाजार में 14% से ज्यादा हिस्सा है।

## मिसिज बेक्टर ने मंत्री के काम की तारीफ की

बेक्टर ने मंत्री संजीव अरोड़ा के सक्रिय नेतृत्व और काम करने के तरीके की भी तारीफ की, और पंजाब के औद्योगिक बदलाव को आगे बढ़ाने में उनके प्रयासों को सराहा। उन्होंने पंजाब सरकार की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि ये पहल राजस्व सृजन को बढ़ावा देने और पंजाब को देश में औद्योगिक विकास के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक होंगी।

## पंजाब सरकार दे रही उद्योग को बढ़ावा

सरकार के दृष्टिकोण को दोहराते हुए, मंत्री संजीव अरोड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान के कुशल नेतृत्व में, पंजाब औद्योगिक विस्तार को सुगम बनाने और राज्य में नए निवेश को आकर्षित करने के लिए एक व्यापार-अनुकूल वातावरण, विश्व-स्तरीय बुनियादी ढांचा और नीतिगत सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरे के दौरान पीआरटीसी के उपाध्यक्ष बलविंदर सिंह झरवान, एसडीएम नमन, जीएम डीआईसी अर्शदीप, ईओ अवतार और मिसिज बेक्टर्स फूड स्पेशलिस्ट के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे।

# LMA सेमिनार : ब्रांड फैक्टरी कहलाने वाले डॉ. संजीव जुनेजा ने सांझे किए अंबाला की गलियों से दुबई तक के सफर के मंत्र

लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। लुधियाना मैनेजमेंट एसोसिएशन (LMA) ने रैडिसन ब्लू होटल में ब्रांड इस द न्यू फैक्टरी : हाउ इंडियन बिजनेसस मस्ट बिल्ड ब्रांड्स टू विन द फ्यूचर ह्व विषय पर एक इम्पैक्टफूल सैशन का आयोजन किया। सैशन के आकर्षण का केंद्र ब्रांड फैक्टरी के नाम से मशहूर उद्योगपति एवं एसबीएस, दिविसा हर्बल्स ग्रुप के फाउंडर डॉ. संजीव जुनेजा रहे जिन्होंने ब्रांड निर्माण और इंटरपनरॉरशिप के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की।




कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7 बजे चाय-कॉफी के साथ नेटवर्किंग से हुई। अपने संबोधन में डॉ. जुनेजा ने कहा कि आज के कॉम्पिटिशन के दौर में केवल पूंजी नहीं, बल्कि क्लियर विजन, निरंतरता और छोटे स्तर से शुरूआत करने का साहस ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं को ट्रेंड्स के पीछे भागने के बजाय उद्देश्यपूर्ण शुरूआत करने, समस्याओं के समाधन, काम पर फोकस और ग्राहकों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध बनाने की सलाह दी।

जुनेजा ने स्कूटर पर अम्बाला की गलियों से शुरू होकर दुबई तक एसबीएस समूह के सफर के खट्टे मीठे अनुभवों की साँझा किया। वही उन्होंने बताया की पहली बार रिटेलरों का कॉन्फिडेंस जितने के लिए पहले आर्डर की पेमेंट ना कर कम्पनी को दूसरे आर्डर से पेमेंट के भुगतान करने जैसे फेंसले भी लिए। मल्टिनैशनल कम्पनी इमामी को केशकिंग हेयर आयल जैसा सफल ब्रांड डॉ ऑर्थो, पेट साफा के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मैन्स के लिए ऑनलाइन प्रोडक्ट बैड मैन जैसा स्ट्रांग ब्रांड स्थापित करने के टिप्स पर बातचीत की। जुनेजा ने कहा की समय के साथ आज चुनोतिया भी बदल चुकी है लेकिन कंसिस्टेंसी और विजन साफ हो तो कामयाबी जरूर मिलती है।

कार्यक्रम का संचालन सवनीत चावला और अभा सिकरी ने किया, जबकि संस्था प्रेजिडेंट स्वरूप गौरव मुंजाल डा जुनेजा का वेलकम किया जबकि अश्विन नागपाल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों, छात्रों और व्यवसायिक पेशेवरों ने भाग लिया।

# स्पेशल बच्चों संग जन्मदिन मना कर एडवोकेट सिद्धू ने दिया समाज सेवा का संदेश

लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। समाज में सेवा और संवेदनशीलता का उदाहरण पेश करते हुए भाजपा पंजाब की स्टेट एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने अपना जन्मदिन विशेष बच्चों के साथ मनाकर एक प्रेरणादायक पहल की। उन्होंने एक ज्योत विकलांग स्कूल में पहुंचकर बच्चों के साथ समय बिताया, उनके साथ केक काटा और खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां बांटना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों के साथ समय बिताने से जीवन के असली मूल्यों का एहसास होता है और यह हमें मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है।



इस मौके पर लुधियाना के पश्चिमी क्षेत्र में भी कई स्थानों पर उनके समर्थकों, दोस्तों और परिवारजनों ने जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया। विभिन्न इलाकों में केक काटकर और मिठाइयां बांटकर लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दीं। यह पहल समाज को यह संदेश देती है कि खुशी सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक होती है। जरूरतमंदों के साथ समय बिताकर हम न केवल उनकी बल्कि अपनी जिंदगी को भी बेहतर बना सकते हैं।

# हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में रक्तदाताओं के पहुंचने की उम्मीद - राजेश जैन बॉबी



लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। 1989 से मानवता की सेवा में जुटे न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोला बाबा रत्न मुनि जैन युवा सोसायटी और मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 31 मार्च को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 49वां विशाल राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। यह कैंप सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में लगाया जाएगा। कैंप को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों-शोरों से जारी हैं। आयोजकों द्वारा विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं और शहरवासियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जैन स्थानक शिवपुरी के प्रधान विनीत जैन, सेक्रेटरी राजीव जैन, कैशियर कुलदीप जैन सहित अन्य सदस्यों को निमंत्रण दिया गया। इसके अलावा महावीर जैन युवक मंडल के सदस्यों और शहर के गणमान्य व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया गया।पार्षद प्रदीप शर्मा गैबी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो सीधे किसी जरूरतमंद को जीवनदान देता है। आयोजक राजेश जैन बॉबी ने बताया कि यह 49वां कैंप है और हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में रक्तदाताओं के पहुंचने की उम्मीद है।

Uturn Time 29 Mar 2026_Layout 2 28-03-2026 22:59 Page 4



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पीएम ने किया उद्घाटन, हर 2 मिनट में एक फ़्लाइट

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के जेवर में लंबे समय से इंतजार किए जा रहे एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी मौजूद थे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और मोदी के उद्घाटन को देखते हुए ट्रैफि क पर कुछ पाबंदियाँ लगाई गई थीं। यह एडवाइजरी शनिवार को सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक लागू रहेगी, और एम्बुलेंस व अग्निशमन सेवाओं जैसे आपातकालीन वाहनों के बिना किसी रुकावट के गुजरने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कई बार देरी के बाद आखिरकार इस एयरपोर्ट को खोल दिया गया है। यह इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (IGIA) के बाद, दिल्ली-ठाउफक्षेत्र की सेवा करने वाला दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन जाएगा। सरकार ने पहले एक बयान में कहा था कि ये दोनों एयरपोर्ट एक एकीकृत विमानन प्रणाली के तौर पर काम करेंगे, जिससे भीड़ कम होगी, यात्रियों की क्षमता बढ़ेगी और दिल्ली-NCR दुनिया के प्रमुख विमानन केंद्रों में से एक के तौर पर अपनी जगह बना पाएगा।



## कई शहरों के लिए काम आएगा एयरपोर्ट

- यह एयरपोर्ट नोएडा, मेरठ, गाज़ियाबाद, मथुरा और आगरा जैसे उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों के लिए एक मुख्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तौर पर काम करेगा। साथ ही, यह कई तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों तक पहुँचने का एक मुख्य द्वार भी साबित होगा।

## ट्रैफि क एडवाइजरी जारी

- एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए मोदी के दौरे से पहले एक ट्रैफि क एडवाइजरी जारी की गई है। गौतम बुद्ध नगर ट्रैफि क पुलिस ने आने-जाने के रास्ते तय कर दिए हैं, पार्किंग जोन अलग-अलग कर दिए हैं और कमर्शियल वाहनों का रास्ता बदल दिया है। यह एडवाइजरी शनिवार को सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक लागू रहेगी। इस एयरपोर्ट को सबसे पहले 1 दिसंबर, 2024 को शुरू करने की योजना थी, जिसे टालकर अप्रैल 2025 कर दिया गया था। इसके बाद इसे फिर से टालकर 1 सितंबर, 2025 किया गया और आखिर में इसे 2026 की शुरूआत तक के लिए टाल दिया गया।

## छह मार्च को लाइसेंस हुआ जारी

डीजीसीए ने 6 मार्च, 2026 को इस एयरपोर्ट के लिए एयरोड्रम लाइसेंस जारी किया। प्रोजेक्ट की योजना के मुताबिक, इस मंजूरी के बाद 45 दिनों के अंदर कार्गो और घरेलू फ़्लाइट्स शुरू होने की उम्मीद थी। इसका मतलब है कि कमर्शियल फ़्लाइट सेवाएँ अप्रैल 2026 के मध्य से मई 2026 के बीच शुरू हो सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि इंटरनेशनल फ़्लाइट सेवाएँ इस साल सितंबर से शुरू होने की संभावना है। पश्चिम एशिया युद्ध से पैदा हुए संकटों पर मोदी ने कहा, ₹एक 'विकसित भारत' बनाने के लिए, हर किसी का प्रयास बहुत जरूरी है। 140 करोड़ भारतीयों को कड़ी मेहनत करनी होगी और वैश्विक संकटों का मिलकर सामना करना होगा। जो युद्ध अभी चल रहा है, हमें इस संकट का सामना शांति, धैर्य और एकता के साथ मिलकर करना होगा।

# नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली को जानलेवा विरोध प्रदर्शन पर कार्रवाई के मामले में गिरफ़्तार किया गया



चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। पुलिस ने नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पिछले सितंबर में हुए जेन जैड विरोध प्रदर्शनों के दौरान लापरवाही से हुई मौतों के आरोप में गिरफ़्तार कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार सुबह अपने घर से गिरफ़्तार होने के तुरंत बाद, पुलिस की नियमित प्रक्रिया के तहत ओली को काठमांडू के एक क्लिनिक में भर्ती कराया गया। सितंबर में हुए विद्रोह के दौरान 70 से ज्यादा लोग मारे गए थे, जिनमें से कई प्रदर्शनकारी पुलिस की गोली का शिकार हुए थे। इस विद्रोह की शुरूआत सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण हुई थी, लेकिन भ्रष्टाचार और आर्थिक हालात को लेकर लोगों में पनपे गुस्से ने इसे और भड़का दिया था। पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी शनिवार को गिरफ़्तार कर लिया गया।

**जाँच आयोग के निष्कर्षों को खारिज किया...**ओली ने पहले भी इस जाँच आयोग के निष्कर्षों को खारिज किया था। इस आयोग ने पूर्व पुलिस प्रमुख चंद्र कुबेर खापुंग की गिरफ़्तारी की भी सिफारिश की थी। ओली ने अन्नपूर्णा पोस्ट से बातचीत में इन निष्कर्षों को चरित्र हनन और नफरत की राजनीति करार दिया था। उनके वकीलों ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि जाँच के इस चरण में उनकी हिरासत पूरी तरह से बेवजह है।



# बीवीएम ऊधम सिंह नगर में प्रधानाचार्या सीमा गुप्ता को गरिमामयी विदाई

लुधियाना, यूटर्न, 28 मार्च। भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर में 28 मार्च 2026 को प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा गुप्ता के सम्मान में भावपूर्ण एवं गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत व तिलक के साथ हुई, जबकि दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उप सचिव सीए राजीव पुरी और इंजी. देश दीपक शर्मा सहित अन्य शाखाओं के प्रधानाचार्य व उप-प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत भजन ने सभी को भावविभोर कर दिया। प्रधानाचार्या के कार्यकाल की यादों को एक आकर्षक पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसने उनके योगदान और उपलब्धियों को जीवंत कर दिया। शिक्षिका मंजुला शर्मा ने अपने संबोधन में उनके नेतृत्व, समर्पण और सरल स्वभाव की सराहना की। समारोह में प्रबंधन समिति ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी रोकने पर जीरो टॉलरेंस: उपायुक्त

निर्मल सिंह




पानीपत, यूटर्न 28 मार्च। जिला प्रशासन ने एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनाधिकृत उपयोग पर सख्ती बरतते हुए कड़े कदम उठाए हैं। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया के निदेर्शानुसार आमजन की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी श्री श्याम लाल को इस अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही कंट्रोल रूम नंबर 114 (फोन: 0180-2653850) पर निरीक्षक एवं उप-निरीक्षक की टीम तैनात की गई है, जो किसी भी शिकायत या सूचना पर तुरंत कार्रवाई करेगी। उपायुक्त डॉ. दहिया ने स्पष्ट कहा कि जिले में आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम कमी पैदा करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी गैस या पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी या जमाखोरी की सूचना मिले तो तुरंत कंट्रोल रूम पर सूचित करें। इसके साथ ही प्रशासन ने शादी समारोहों के लिए एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीएफएससी दिव्या ने बताया कि संबंधित आयोजकों को कम से कम एक सप्ताह पहले आवेदन देना अनिवार्य होगा, ताकि समय पर गैस सप्लाई उपलब्ध करवाई जा सके और किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त महोदय विरेंदर कुमार दहिया ने भरोसा दिलाया है कि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई सुचारू रूप से जारी रहेगी।

# सीएम नायब सिंह सैनी ने अंबाला से अयोध्या के लिए विशेष तीर्थ ट्रेन को दिखाई हरी झंडी




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी अंबाला शहर में महर्षि कश्यप मंच के नवनिर्मित शैड का उद्घाटन करते हुए। साथ में हैं पूर्व मंत्री श्री असीम गोयल, विधायक श्री राम कुमार कश्यप व अन्य गणमान्य। (28.03.2026)

अंबाला, यूटर्न, 28 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे राज्य के लिए ऐतिहासिक और भावुक क्षण बताते हुए यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर देश के गौरव का प्रतीक है और श्रद्धालुओं को वहां दर्शन करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने इस यात्रा को केवल एक भौतिक सफर नहीं, बल्कि आध्यात्मिक परिवर्तन की यात्रा बताया।

उन्होंने कहा कि जब श्रद्धालु सरयू नदी के तट पर पहुंचेंगे और हनुमानगढ़ी के दर्शन करेंगे, तो उन्हें एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होगा। यह यात्रा भारतीय संस्कृति और आस्था से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। सैनी ने यह भी जानकारी दी कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में श्रद्धालुओं के लिए श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए भी एक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराना है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 रविवार, 29 मार्च 2026



पेज 12 ईरान-अमेरिका युद्धः अबू धाबी में मिसाइल रोकने...

# दड़वा में 'सेटिंग' के सहारे खड़ी हो रही अवैध बिल्डिंग? प्रशासन की चुप्पी पर उठे बड़े सवाल

## रेड लाइन के बाहर बहुमंजिला निर्माण जारी, रोक के आदेश बेअसर; नोटिस तक सीमित कार्रवाई

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। चंडीगढ़ के दरिया गांव चंडीगढ़ में अवैध निर्माण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। रेलवे स्टेशन के सामने रेड लाइन के बाहर एक विशाल बहुमंजिला इमारत का निर्माण खुलेआम जारी है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासनिक रोक के बावजूद निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो चुका है, जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली और कथित 'सेटिंग' पर सवाल उठने लगे हैं।

हजार वर्ग गज में खड़ी हो रही 'अवैध' इमारत सूत्रों के मुताबिक करीब एक हजार वर्ग गज से अधिक क्षेत्र में बन रही यह इमारत दड़वा क्षेत्र की सबसे बड़ी अवैध बिल्डिंग बताई जा रही है। बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है, जबकि अब ऊपरी मंजिलों पर तेजी से काम चल रहा है।





### रोक के आदेश भी बेअसर

करीब एक माह पहले जिला प्रशासन ने इस निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद शनिवार को साइट पर फिर से निर्माण गतिविधियां शुरू हो गईं। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि या तो आदेशों की अनदेखी हो रही है या फिर कार्रवाई को लेकर गंभीरता का अभाव है।

### 'नोटिस राज' या मिलीभगत ?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की कार्रवाई सिर्फ नोटिस जारी करने तक सीमित रह गई है। जहां शहर के अन्य इलाकों में मामूली उल्लंघनों पर भी सख्त कार्रवाई होती है, वहीं दड़वा में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध निर्माण पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। तहसीलदार, पटवारी, एसडीएम और असिस्टेंट एस्टेट ऑफिसर जैसे अधिकारियों पर अवैध निर्माण रोकने की जिम्मेदारी है, लेकिन मौके पर उनकी भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### नियमों की खुलेआम धज्जियां

नियमों के अनुसार रेड लाइन के बाहर किसी भी प्रकार का निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद न केवल यह बहुमंजिला इमारत खड़ी की जा रही है, बल्कि इलाके में अवैध होटल और गेस्ट हाउस भी चल रहे हैं। दड़वा में कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियां काटे जाने के मामले भी सामने आ चुके हैं, जो शहरी नियोजन और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं।

### जवाब-तलब, लेकिन कार्रवाई कब ?

मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। हालांकि, बड़ा सवाल यही है कि क्या यह कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रहेगी या जमीन पर भी कुछ ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### प्रशासन की साख दांव पर

दड़वा में जारी यह अवैध निर्माण अब सिर्फ एक बिल्डिंग का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रशासन की साख, निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बन गया है। अगर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला और तूल पकड़ सकता है।

# चंडीगढ़ जिला अदालत में सुरक्षा चूकः महिला के पर्स से पिस्तौल बरामद, दो पर केस दर्ज

अजीत झा.

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। चंडीगढ़ के सेक्टर-43 स्थित चंडीगढ़ जिला अदालत परिसर में शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक महिला के पर्स से पिस्तौल बरामद हुई। सुरक्षा जांच के दौरान हुए इस खुलासे ने अदालत परिसर में मौजूद लोगों के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया। जानकारी के अनुसार खरड़ निवासी लवप्रीत अपने परिचित बलकरण (मोहाली) के साथ किसी मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत पहुंची थी। दोनों ने वाहन बाहर खड़ा कर पैदल एंट्री की। प्रवेश द्वार पर लगे स्कैनिंग सिस्टम से गुजरते समय महिला के पर्स में संदिग्ध वस्तु होने का अलर्ट मिला। जैसे ही पर्स को स्कैनिंग मशीन में रखा गया, तुरंत रेड अलार्म बज उठा। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल




कार्रवाई करते हुए पर्स की जांच की, जिसमें से पिस्तौल बरामद हुई। इसके बाद दोनों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया और हथियार को कब्जे में ले लिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-36 थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और डीएसपी धीरज कुमार ने भी स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पूछताछ के दौरान बलकरण ने दावा किया कि पिस्तौल उसका है और उसके पास वैध लाइसेंस भी है। उसने कहा कि वह पिस्तौल गाड़ी में रखने वाला था, लेकिन गलती से वह महिला के पर्स में रह गई। वहीं लवप्रीत ने पुलिस को बताया कि उसे पर्स में हथियार होने की जानकारी नहीं थी। हालांकि पुलिस दोनों के बयानों को लेकर पूरी तरह संतुष्ट नहीं है और मामले की गहन जांच जारी है। यह भी देखा जा रहा है कि सुरक्षा नियमों के बावजूद हथियार अदालत परिसर तक कैसे पहुंचा। गौरतलब है कि इससे पहले भी जिला अदालत में शूटिंग इंसिडेंट अगस्त 2024 में अदालत परिसर में फायरिंग की घटना सामने आ चुकी है, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया था। इसके बावजूद ताजा घटना ने एक बार फिर सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अमृतसर में 400 करोड़ का ट्राइडेंट होटल प्रोजेक्ट, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा



पंजाब /यूटर्न/28 मार्च। पंजाब में निवेश की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। इसी कड़ी में अमृतसर में ₹400 करोड़ के ट्राइडेंट होटल प्रोजेक्ट की घोषणा की गई है। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि ओबेरॉय ग्रुप और स्प्रिंगएज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के बीच इस प्रोजेक्ट के लिए एमओयू साइन किया गया है, जो राज्य के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को मजबूती देगा। यह 150 कमरों वाला प्रीमियम होटल अमृतसर-तरणतारण रोड पर श्री हरिमंदिर साहिब से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर बनाया जाएगा। करीब 3 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस प्रोजेक्ट से लगभग 350 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

अरोड़ा ने बताया कि यह प्रोजेक्ट ओबेरॉय ग्रुप के ट्राइडेंट ब्रांड के तहत पंजाब का पहला होटल होगा। परियोजना का निर्माण जुलाई 2026 में शुरू होने की संभावना है और मार्च 2029 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट पंजाब की सक्रिय भूमिका से यह समझौता संभव हुआ है। राज्य में बढ़ते निवेश का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 2025-26 में पंजाब ने रिकॉर्ड ₹59,448 करोड़ का निवेश आकर्षित किया है, जिससे लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# छात्रा फिया राज ने चौथी कक्षा में 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान लिया



दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर/यूटर्न/28 मार्च। फिया राज पुत्री राज कुमार जो कि सरकारी एलीमेंट्री स्मार्ट स्कूल, ब्रांच बी डी पी ओ क्लोनी महिलपुर की छात्रा है, उसने स्कूल की चौथी कक्षा में 96% अंक प्राप्त कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है तथा अपनी चौथी कक्षा में प्रथम आई है।

पिछले दिन स्कूल प्रमुख सुरेखा रानी, स्टाफ टीचर रमनदीप कौर, भुपिंदर कौर राजू, मास्टर लव, गगनदीप कौर द्वारा छात्रा फिया राज को उत्साहित करने के लिए उसका सम्मान किया गया। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में यह छात्रा और मेहनत करते हुए उपलब्धियां प्राप्त कर सके।

अध्यापकों ने फिया राज के पिता राज कुमार और माता सीमा देवी को बच्ची की प्राप्ति पर मुबारकें दीं। इस अवसर पर अन्यों के अतिरिक्त पार्षद बलविंदर कुमार मरवाहा भी हाजिर थे।

Uturn Time 29 Mar 2026_Layout 2 28-03-2026 22:59 Page 6



**Happy Birthday**



Hitesh Malhotra

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

## विषैली राजनीति

नेपाल आज एक ऐसा उदाहरण बनता जा रहा है, जहाँ सत्ता बदलते ही पुराने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज हो जाती है। नई सरकार आते ही पूर्व शासकों पर भ्रष्टाचार, घोटालों और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजा जाता है। इस बार तो पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ जैन जी द्वारा किया गया भयानक प्रदर्शन एक विषैली और सोची समझी राजनीति का हिस्सा है। सत्ता बदलते ही अचानक न्याय प्रकिया तेज हो जाती है। यह केवल न्याय की प्रक्रिया नहीं, बल्कि कई बार राजनीतिक बदले की भावना को भी दशार्ता है। जब कोई नई पार्टी सत्ता में आती है, तो वह अपने विरोधियों को कमजोर करने के लिए कानूनी हथियारों का उपयोग करती है। इससे लोकतंत्र की मूल भावना प्रभावित होती है, क्योंकि न्याय का उद्देश्य निष्पक्ष होना चाहिए, न कि बदले की भावना से प्रेरित। नेपाल में यह प्रवृत्ति बार-बार देखने को मिल रही है, जहाँ सत्ता परिवर्तन के साथ ही राजनीतिक माहौल तनावपूर्ण हो जाता है। इस प्रकार की राजनीति समाज में अस्थिरता और अविश्वास को बढ़ाती है। जनता का विश्वास नेताओं और संस्थाओं से कम होने लगता है। लोकतंत्र तभी मजबूत हो सकता है जब सत्ता में बैठे लोग निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखें। अत: नेपाल की स्थिति पूरे विश्व के लिए एक चेतावनी है जो यह दशार्ती है कि राजनीति धीरे-धीरे अधिक विषैली होती जा रही है, जहाँ जनसेवा से अधिक व्यक्तिगत और राजनीतिक स्वार्थ हावी हो रहे हैं।

# सनमती विमल जैन स्कूल में धार्मिक अनुष्ठान के साथ नए शैक्षणिक सत्र का आगाज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/28/मार्च। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले स्थानीय सनमती विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र (New Academic Session) का शुभारंभ बेहद गरिमामय और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक विशेष धार्मिक समागम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों का गायन कर ईश्वर का आशीर्वाद लिया गया।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर

समारोह को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना ने कहा कि सनमती स्कूल के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलकूद



और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी हर साल नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने इसका श्रेय स्कूल मैनेजमेंट के कुशल मार्गदर्शन और समर्पित स्टाफ को दिया।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस है स्कूल

प्रिंसिपल ने बताया कि स्कूल में प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के दाखिले शुरू हो चुके हैं। अभिभावकों के भारी उत्साह का कारण स्कूल की

### आधुनिक सुविधाएं हैं:

**स्मार्ट एजुकेशन:** छोटे बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास और बड़ी कक्षाओं के लिए प्रोजेक्टर द्वारा आधुनिक शिक्षण पद्धति।

**बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर:** भीषण गर्मी को देखते हुए सभी क्लासरूम एयर-कंडीशंड (AC) किए गए हैं।

**प्रैक्टिकल ज्ञान:** विभिन्न विषयों के लिए अत्याधुनिक लैब की व्यवस्था। परिवहन सुविधा: बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के लिए नई बसों का विशेष प्रबंध।

**किफायती शिक्षा:** उच्च स्तरीय सुविधाओं के बावजूद स्कूल की फीस बेहद वाजिब रखी गई है। अनुभवी स्टाफ और गौरवमयी इतिहास। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान रमेश जैन, सचिव महावीर जैन और उपाध्यक्ष कांता सिंगला ने संयुक्त रूप से कहा कि यह इलाका का सबसे पुराना और विश्वसनीय संस्थान है। यहाँ के अनुभवी शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि हर साल विद्यार्थी मेरिट सूची में स्थान बनाकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Stay Order का असली मतलब क्या होता है? क्या सब कुछ रुक जाता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

अक्सर लोग कहते हैं—
"Stay मिल गई है, अब सब रुक गया। लेकिन कानूनी रूप से Stay Order का अर्थ इतना व्यापक नहीं होता। Stay का मतलब है—अदालत द्वारा किसी विशेष कार्य या निर्णय पर अस्थायी रोक लगाना।
यह समझना जरूरी है कि Stay हर चीज पर नहीं लगता, बल्कि केवल उसी कार्य पर लागू होता है, जिसके खिलाफ आदेश लिया गया है। उदाहरण के लिए, यदि अदालत किसी निर्माण पर Stay देती है, तो केवल निर्माण कार्य रुकता है—संपत्ति का स्वामित्व या अन्य अधिकार अपने-आप प्रभावित नहीं होते। Stay Order आमतौर पर तब दिया जाता है, जब अदालत को prima facie लगता है कि यदि तुरंत रोक न लगाई गई, तो किसी पक्ष को अपूरणीय नुकसान (irreparable loss) हो सकता है। यह अंतिम फैसला नहीं होता, बल्कि मुकदमे के दौरान स्थिति को स्थिर रखने का उपाय होता है।
यह भी महत्वपूर्ण है कि Stay Order की शर्तें और सीमा (scope) क्या हैं। कई बार लोग Stay का दायरा बढ़ाकर समझ लेते हैं, जिससे अनावश्यक विवाद पैदा होते हैं।
यदि कोई व्यक्ति Stay Order का उल्लंघन करता है, तो यह अदालत की अवमानना (Contempt) का मामला बन सकता है।
निष्कर्ष : Stay Order पूर्ण रोक नहीं, बल्कि सीमित और अस्थायी संरक्षण है। इसका सही अर्थ समझना उतना ही जरूरी है, जितना इसे प्राप्त करना—क्योंकि हर Stay का दायरा अलग होता है।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर हरिनाम संकीर्तन व रक्तदान कैंप आज-अनिल मित्तल

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में आज एकादशी पर विशाल श्याम संकीर्तन व रक्तदान कैंप का आयोजन ट्रस्टी प्रदीप मित्तल ,संदीप अग्रवाल, एल. आर. मित्तल,अनिल मित्तल की अध्यक्षता में लगाया जा रहा है ।जिसकी तैयारियों को लेकर एक मीटिंग प्रदीप मित्तल,अनिल मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।जानकारी देते हुए अनिल मित्तल ने बताया कि बाबा श्याम को एकादशी अति प्रिय है ।एकादशी पर अमृतसर के यदुवंशी ब्रदर्स व आस्ट्रेलिया के देव चंचल द्वारा सायं 5.30 बजे से श्याम बाबा का गुणगान किया जायेगा। इस दौरान बाबा श्याम जी का देसी व विदेशी फूलों से श्रंगार किया जायेगा। विशेष रूप से बाहर से आए कारीगरों द्वारा पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया है।



यदुवंशी ब्रदर्स



देव चंचल, अस्ट्रेलिया

## MSMEs के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा, CICU की अहम पहल



लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। लुधियाना में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के डिजिटल विकास को गति देने के लिए चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) ने अग्रणी भूमिका निभाई। टरटए डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस (DFO) द्वारा आयोजित "Accelerating Digital Adoption among MSMEs" कार्यशाला में उक्छव के प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिय भागीदारी की। इंडस्ट्रियल एरिया-बी स्थित टरटए डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में आयोजित इस कार्यशाला में नीति निमार्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और उद्यमियों ने डिजिटल परिवर्तन की जरूरत पर चर्चा की। उक्छव के अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में डिजिटल तकनीक अपनाना विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है।

# डिलिवरी ब्वॉय से पार्सल लेने आए युवक ने की फायरिंग, रास्ते से गुजर रहे युवक के पांव में लगी गोली



लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। ताजपुर रोड स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में डिलिवरी ब्वॉय से पार्सल लेने आए युवक द्वारा फायरिंग कर दी गई। इस दौरान हमलावर ने अपने साथियों को भी मौके पर बुला लिया और जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान डिलिवरी ब्वॉय तो वहां से निकल गया।

जबकि हमलावरों की फायरिंग के दौरान एक गोली वहां से गुजर रहे युवक के पांव में जा लगी। जिस कारण वह जख्मी हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना डिवीजन नंबर सात की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज निकालकर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए इलाका निवासी राजन ने बताया कि शुक्रवार की रात वह घर पर मौजूद था। रात करीब एक बजे एक ब्लिंकिट कंपनी का डिलिवरी ब्वॉय ऑर्डर देने के लिए आया था। वह उसके घर के बाहर रुक गया। इस दौरान एक अन्य युवक वहां आया और डिलिवरी ब्वॉय से पार्सल ले लिया। जिसके बाद वह उससे लिफ्ट मांगने लग गया। लेकिन डिलिवरी वाले ने इंकार कर दिया। जिसके बाद वह गाली गलोच करने लगा। इस दौरान उक्त युवक ने रात को घर की छत पर खड़ा देख उसे भी गालियां दी। जिस पर राजन नीचे आ गया। फिर वह युवक वहां से गालियां देते हुए चला गया। थोड़ी देर बाद युवक अपने साथियों के साथ वाहनों पर सवार होकर हथियारों से लैस होकर दोबारा वापिस आ गया। उसने आते ही फायरिंग कर दी। जिस कारण एक गोली वहां से गुजर रहे युवक के पांव में जा लगी। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है।

# खालसा कॉलेज फॉर विमेन में दीक्षांत समारोह आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। खालसा कॉलेज फॉर विमेन, सिविल लाइंस में सत्र 2024-25 का वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 731 छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह की अध्यक्षता साइंटिस्ट डॉ. विकास ऋषि ने की। कॉलेज प्रबंधन, डायरेक्टर डॉ. मुक्ति गिल और प्रिंसिपल डॉ. कमलजीत ग्रेवाल ने स्वागत किया। वार्षिक रिपोर्ट में छात्राओं की उपलब्धियां उजागर की गईं। विश्वविद्यालय परीक्षाओं में छात्राओं ने टॉप-10 में 90 स्थान हासिल किए। खेलों में 35 स्वर्ण, 37 रजत और 41 कांस्य पदक जीते गए। पीयू जोनल यूथ फेस्टिवल में कॉलेज प्रथम उपविजेता रहा, जबकि विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 37 पुरस्कार जीते गए। 21 छात्राओं को रोल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डॉ. ऋषि ने छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# DIG भुल्लर रिश्वत कांडः CBI की जांच का दायरा बढ़ा, कई अफसरों पर शिकंजा कसने के संकेत






चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर से जुड़े चर्चित भ्रष्टाचार मामले में अब जांच और गहराती नजर आ रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) को इस केस में नए और अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर कई अन्य अधिकारियों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है।

सीबीआई ने इस मामले में अज्ञात अफसरों के खिलाफ प्रारंभिक जांच (PE) दर्ज कर ली है और जांच का दायरा बढ़ा दिया है। एजेंसी ने शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत में अर्जी दाखिल कर मोबाइल फोन, अहम दस्तावेज और नकदी जब्त करने की अनुमति भी मांगी है। जांच एजेंसी के अनुसार, यह कार्रवाई पिछले साल दर्ज भ्रष्टाचार केस से ही जुड़ी हुई है। अब तक की जांच में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक रिपोर्ट, व्हाट्सएप चैट, पूछताछ और दस्तावेजों से कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क के सबूत सामने आए हैं। सीबीआई का दावा है कि आरोपी अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर निजी लोगों को अवैध लाभ पहुंचाने के बदले रिश्वत लेते थे।

## 8 लाख की रिश्वत से खुला मामला

*यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था, जब 16 अक्टूबर को सीबीआई ने बिचौलिए कृष्णु शारदा को गिरफ्तार किया था। वह मंडी गोबिंदगढ़ के एक कारोबारी से डीआईजी भुल्लर के नाम पर 8 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। जांच आगे बढ़ने पर भुल्लर की भूमिका भी सामने आई, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।*

**घर से करोड़ों की बरामदगी...**सीबीआई की तलाशी के दौरान सेक्टर-40 स्थित भुल्लर के आवास से करीब 7.5 करोड़ रुपये नकद और लगभग 2.5 किलो सोना बरामद हुआ था। इसके बाद उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज किया गया।
सीबीआई अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और आने वाले दिनों में कई और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# फूड सेफ्टी विभाग की कई इलाकों में दबिश, कई रेस्त्रां व शॉप से भरी सैंपल, मचा हड़कंप



लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। फूड सेफ्टी विभाग की ओर से मॉडल टाउन व उसके साथ लगते इलाकों में रेड की। इस दौरान उनकी तरफ से रेस्त्रां, होटल व फास्टफूड की शॉप पर जाकर सैंपल भरे। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिसके चलते कई तो अपनी दुकानें बंद करके वहां से भाग निकले। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आशीष चावला के नेतृत्व में टीम ने शहर के मॉडल टाउन, शास्त्री नगर, इशमीत चौक और ट्यूशन मार्केट जैसे प्रमुख इलाकों में दबिश दी। जैसे ही टीम मॉडल टाउन और शास्त्री नगर की मार्केट में पहुंची वहां स्थित अन्य फूड स्टॉल और रेस्टोरेंट संचालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान टीम ने उन चीजों पर विशेष ध्यान दिया जो फास्ट फूड बनाने में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होती हैं और सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। टीम ने पिज्जा सॉस और क्रीम इनकी फ्रेशनेस और प्रिजर्वेटिव की मात्रा जांची गई।

# विधायक बग्गा ने किया तरसेम कालोनी में नए ट्यूबवेल को लोकार्पण



लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड 66 स्थित मोहल्ला तरसेम कालोनी में नए लगे 25 के.वी के लगे नए ट्यूबवेल का उदघाटन स्थानीय लोगो की मौजूदगी में किया। विधायक बग्गा ने नए टयूब्वैल से शुद्ध पानी सप्लाई होने की जानकारी देते हुए कहा तरसेम कालोनी सहित आस-पास के कई क्षेत्रों के सैंकड़ो परिवारों को पीने का शुद्ध पानी पीने को मिलेगा। क्षेत्र में चल रहे अनेक विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए उन्होने कहा बिना किसी भेदभाव के हर नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पंहुचाना उनका एकमात्र लक्ष्य है। इस अवसर पर ओएंडएम विभाग के एसडीओ अंशुल गरचा, जेई गुरदीप, आप महिला लिंग अध्यक्ष मनीषा कपूर, आप के ब्लाक अध्यक्ष नरिन्द्र मकक्ड़, आप के वार्ड सचिव सुनील शर्मा, जुगल गोयल, अडय कालड़ा, मोहन लाल शर्मा, चमन लाल शर्मा, पुष्पा, कमलेश, सोनिया, सुमन बग्गा, नीरु, विनय, परमजीत कौर, कांता रानी, लीला देवी, ज्योति बाला, आशू, टिंका कुमार, तलवाड़ अंकल, प्रकाश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ बना अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स का केंद्रः रिले ट्रायल में तय होगी भारत की वैश्विक दौड़

## सेक्टर-7 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दक्षिण एशिया के धावकों की टक्कर, बोत्सवाना वर्ल्ड रिले के लिए आखिरी मौका



चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। चंडीगढ़ का सेक्टर 7 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स इन दिनों अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जहां भारत समेत भूटान, मालदीव, श्रीलंका और नेपाल के शीर्ष धावक एक ही ट्रैक पर अपनी रफ्तार का दम दिखा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण रिले प्रतियोगिता के पहले संस्करण में देश-विदेश के एथलीटों की मौजूदगी ने इस आयोजन को खास बना दिया है। यह प्रतियोगिता सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि भारतीय रिले टीमों के लिए निर्णायक परीक्षा है। इसी प्रदर्शन के आधार पर 2 और 3 मई को बॉट्सवाना में होने वाली वैश्विक रिले प्रतियोगिता के लिए टीमों का चयन होगा। वर्ल्ड अथलेटिक्स 5 अप्रैल के बाद दुनिया की शीर्ष 24 टीमों की अंतिम सूची जारी करेगा।

### बोत्सवाना में होंगी छह बड़ी स्पर्धाएं

आगामी वैश्विक रिले प्रतियोगिता में छह प्रमुख स्पर्धाएं आयोजित होंगी :

- पुरुष और महिला 4x100 मीटर
- पुरुष और महिला 4x400 मीटर
- मिश्रित 4x100 मीटर
- मिश्रित 4x400 मीटर

### क्वालीफिकेशन की दौड़ में भारत

भारतीय पुरुष 4x100 मीटर रिले टीम फिलहाल विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर है। पिछले साल ताइपे में टीम ने 38.75 सेकंड का समय निकाला था। कोच नायर के अनुसार 38.50 सेकंड का प्रदर्शन क्वालीफिकेशन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

देश के उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में हर एथलीट को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा, क्योंकि यही मौका विश्व स्तर पर पहुंचने का रास्ता तय करेगा।

वहीं भारतीय महिला 4x100 मीटर रिले टीम 23वीं रैंकिंग के साथ फिलहाल क्वालीफिकेशन जोन में बनी हुई है। यह रैंकिंग 2025 गुमी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 43.86 सेकंड के प्रदर्शन पर आधारित है। मिश्रित 4x100 मीटर रिले टीम भी 22वीं रैंकिंग के साथ मजबूत स्थिति में है। टीम ने पिछले वर्ष ग्वांगझोउ में 3:14.81 का समय दर्ज किया था।

### चंडीगढ़ से दुनिया तक का सफर

*सेक्टर-7 का यह ट्रैक अब भारतीय एथलेटिक्स के लिए 'डिसीजन ग्राउंड' बन चुका है, जहां से तय होगा कि कौन-सी टीमें अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों के लिए दबाव और अवसर दोनों पैदा किए हैं, बल्कि यह भी दिखाया है कि चंडीगढ़ अब अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।*

# शीर्षकः चाय की प्याली और एक शनिवार



पुनीत महाजन
संवाददाता

शनिवार का दिन था। बाजार की भीड़ थम चुकी थी, और गली के कोने पर रमेश की चाय की टपरी पर सिर्फ दो ग्राहक बैठे थे — एक बूढ़े मास्टर जी और एक 10 साल का बच्चा, अर्जुन। मास्टर जी रोज एक कप चाय पीते, बिना चीनी की। अर्जुन हर शनिवार आता और एक गिलास पानी माँगता, पीता और चला जाता। रमेश कई हफ़्तों से देख रहा था, पर कुछ पूछा नहीं।



आज अर्जुन ने पानी पीकर कहा, 'भइया, आज चाय पिला दोगे? पैसे कल दे दूँगा।' रमेश मुस्कुराया, 'बेटा, चाय 10 रुपये की है। कल नहीं, जब हो तब दे देना।'

अर्जुन ने चाय पी, आँखों में चमक थी। जाते-जाते बोला, 'मास्टर जी मुझे हर शनिवार पढ़ाते हैं। आज उन्होंने मेरी कॉपी पर लिखा — 'तुम बड़े आदमी बनोगे'। इसलिए सोचा, आज चाय पी लूँ।' मास्टर जी ने यह सुना तो चुपचाप अपनी जेब से 100 रुपये निकाले और रमेश को देते हुए बोले, 'इस बच्चे की हर शनिवार की चाय मेरी तरफ से। जब तक मैं हूँ।' रमेश की आँखें नम हो गई। उसने अर्जुन को पुकारा, 'बेटा, अब हर शनिवार तुम्हारी चाय फ्री। बस तुम पढ़ते रहो। अर्जुन दौड़ता हुआ गया, और पीछे रह गई एक छोटी सी सीख कभी-कभी एक कप चाय सिर्फ चाय नहीं होती, वो किसी के हौसले का सहारा बन जाती है।

शनिवार आएगा, कोई न कोई अर्जुन आएगा आप बस रमेश बन जाइए।

# चंडीगढ़ एयर शो का दूसरा दिन बना ऐतिहासिकः सीएम-गवर्नर रहे मौजूद, 'सूर्यकिरण' के करतबों ने भरी नई उड़ान

## सुखना लेक पर उमड़ा जनसैलाब, बेटियों ने लिया पायलट बनने का संकल्प

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। चंडीगढ़ के सुखना लेक पर आयोजित एयर शो का दूसरा दिन उत्साह, रोमांच और देशभक्ति के जज्बे से भरपूर रहा। भारतीय वायु सेना की सूर्या किरण ऐरोबाटिक टीम ने आसमान में ऐसे हैरतअंगेज करतब दिखाए कि पूरा शहर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। इस खास मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया समेत कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं। वीआईपी उपस्थिति के बीच सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दूसरे दिन पहले दिन के मुकाबले कहीं ज्यादा भीड़ देखने को मिली। पंजाब, हरियाणा और आसपास के इलाकों से हजारों लोग एयर शो देखने पहुंचे।

**बच्चों के लिए बना खास अवसर...**चंडीगढ़ प्रशासन ने इस आयोजन को और खास बनाते हुए सरकारी स्कूलों के छात्रों को भी एयर शो देखने का मौका दिया। चार स्कूलों से 50-50 बच्चों को विशेष अनुमति देकर लाया गया। इसके अलावा स्नेहालय के बच्चों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हैं।








**बेटियों के सपनों को मिली नई उड़ान...**यह एयर शो सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रेरणा का भी बड़ा मंच बना। जांबाज पायलटों के करतब देखकर कई छात्राओं के भीतर देशसेवा का जज्बा जाग उठा। सरकारी स्कूल की छात्रा तराना ने कहा, ह्लपहले भी डिफेंस में जाना चाहती थी, लेकिन अब पायलट बनने का सपना लक्ष्य बन गया है ह्व वहीं सादिया ने बताया कि उसे ऊंचाई से डर लगता था, लेकिन इस शो के बाद उसका डर खत्म हो गया। भारती ने कहा कि वह आगे चलकर सेना में अधिकारी बनना चाहती है और मौका मिलने पर वायुसेना में जरूर जाएगी।

**शहर ने देखा जोश, गर्व और प्रेरणा का संगम...**एयर शो के दूसरे दिन ने यह साबित कर दिया कि यह आयोजन सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि युवाओं—खासतौर पर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। सुखना लेक के आसमान में उड़ते विमानों ने जहां वायुसेना की ताकत का प्रदर्शन किया, वहीं जमीन पर खड़े हजारों दर्शकों के दिलों में देशभक्ति और सपनों की नई उड़ान भर दी।

**आसमान में दिखा पराक्रम, जमीन पर उमड़ा जोश...**एयर शो के दौरान 'सूर्यकिरण' टीम के लाल-सफेद विमानों ने जब एक साथ उड़ान भरकर प्रिसिजन फॉर्मेशन, लूप्स और रोल्स जैसे जटिल करतब दिखाए, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। करीब 30 से 45 मिनट तक चले इस प्रदर्शन ने भारतीय वायु सेना की ताकत और तकनीकी कौशल की शानदार झलक पेश की। टीम के फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधू ने कहा कि चंडीगढ़ में इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनना गर्व की बात है और इसका उद्देश्य युवाओं को रक्षा सेवाओं में आने के लिए प्रेरित करना है।

Uturn Time 29 Mar 2026_Layout 2 28-03-2026 22:59 Page 9



# सावधान महानगर में शुरू हो गया डेंगू का प्रकोप 50 के करीब मरीज आ चुके हैं सामने

## नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की तैयारी नहीं, नहीं बना फॉगिंग का शेड्यूल

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। महानगर में समय से पहले डेंगू ने दस्तक देकर स्वास्थ्य विभाग की अधिकारियों को चौंका दिया है आमतौर पर डेंगू का प्रकोप सर्दी शुरू होने के दिनों में होता है परंतु कभी कब आ रही है प्रकोप गर्मियों के दिनों में भी सामने आ चुका है इस वर्ष भी मच्छर महामारी की तरह सामने आने लगे हैं जिससे यह अंदाजा हो रहा है कि आने वाले दिनों में इनका प्रकोप बढ़ सकता है स्थानीय अस्पतालों की रिपोर्ट को देखकर तो अब तक 50 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं परंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकतर को संदिग्ध श्रेणी में रखा गया है विशेषज्ञों ने लोगों को डेंगू से सावधान रहने को कहा है तथा इसके बचाव के लिए निर्धारित मापदंडों को अपनाने की सलाह दी है।




### नीम हकीम भी कर रहे डेंगू का उपचार

जिले में डेंगू के मामले बढ़ने के बाद नीम हकीम की भी चांदी हो रही है किसी भी बुखार के मरीज को डेंगू बढ़कर विभिन्न टेस्टों के उपरांत उनका उपचार भी करते दिखाई दे रहे हैं यह नीम हकीम बिना किसी डिग्री के डॉक्टर जिले में महामारी की तरफ फैले हुए हैं परंतु स्वास्थ्य विभाग इन पर अंकुश लगाने में सदैव नाकामयाब रहा है विशेषज्ञों के अनुसार इससे मरीजों की जान को खतरा बढ़ा है हाल ही में एक नागरिक देविंदर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शेहर के विभिन्न ईलाकों में फैले नीम हकीमी का विवरण देते हुए उन पर अंकुश लगाने की मांग की है शिकायतकर्ता के अनुसार से बिना डिग्री के डॉक्टर हर प्रकार के मरीजों का उपचार करते दिखाई दे रहे हैं उदाहरण के तौर पर उन्होंने जनकपुरी हेब्बोवाल, शेरपुर, चुहरपुर रोड शहीद कई अन्य इलाकों में भी बिना डिग्री के डॉक्टर सक्रिय हैं से संबंधित है जबकि 154 मरीज दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं जो उपचार के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती हुए

### अस्पतालों द्वारा नहीं की जा रही रिपोर्टिंग

डेंगू के मरीजों की शुरूआत होने के बाद जिले के सभी अस्पताल डेंगू की रिपोर्टिंग स्वास्थ्य विभाग को नहीं कर रहे जिससे सही स्थिति का आकलन करने में मुश्किल पैदा हो सकती है और इसी के अनुरूप बचाव कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं

**डेंगू के लक्षण :** अचानक तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते, थकान, घबराहट, उल्टी

### डेंगू से बचाव के लिए क्या करें

- सप्ताह में कम से कम एक बार कूलर और अन्य छोटे कंटेनरों से पानी निकालें।
- ओवरहेड टैंकों को ढककर रखें,
- सोने के समय मच्छरदानी या मच्छर भगाने वाली क्रीम का प्रयोग करें।
- जल भंडारण बर्तनों को साप्ताहिक आधार पर खाली करना और सुखाना,
- मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए आसपास के वातावरण को साफ और सूखा रखें।
- प्लास्टिक, नारियल के खोल और खाली टिन और कंटेनरों में पानी जमा न होने दें।

अपने घर में और उसके आस-पास बाहरी कंटेनरों और पानी के पोखरों पर कीटनाशकों का छिड़काव करें।

**ऐसा ना करे-** ऐसे कपड़े न पहनें जिनसे आपके हाथ और पैर खुले हों, बच्चों को शॉर्ट्स और आधी बाजू के कपड़ों में न खेलने दें, पक्षियों के रखे पानी को रोज बदल दें।

# जेकोम एल एलडीएच टेबल 3.0 का कंपटीशन टू कोलैबोरेशन समिट सफलतापूर्वक आयोजित

लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। जेकोम एल एलडीएच टेबल 3.0 ईलाइट साइनेर्जी क्लब ने स्थानीय होटल में कंपीटिशन टू कोलेबोरेशन थीम पर एक विशेष सी2सी मीटिंग आयोजित की। इस कार्यक्रम में जेकोम एल एलडीएच टेबल 1.0 अशोका, टेबल 2.0 गेम चेंजर्स, टेबल 3.0 इलाइट साएनर्जी क्लब सहित जेसीआई लुधियाना की प्रमुख लोकल ऑर्गेनाइजेशन्स जेनसिस, क्विंस और क्रिस्टल इलाइट ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जेसी पंकज गर्ग और जेसी गौरव टंडन द्वारा आयोजित विशेष सत्रों में आपसी सहयोग, नेटवर्किंग और साझा विकास पर जोर दिया गया, जिसे उपस्थित




सदस्यों ने खूब सराहा। इस अवसर पर जेकॉम एडवाइजर जेसी रमन नैय्यर, जेसी संजय शर्मा, नेशनल डायरेक्टर जेसी डॉ. राजीव अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जेसी रमन नैय्यर ने कहा कि निरंतर सहयोग से भविष्य में बड़े स्तर पर आर्थिक और सामाजिक मूल्य सृजित किया जा सकता है।

# पंजाब में पेट्रोल-डीजल संकट: 3 पंप खाली, उट मान बोले-स्टॉक पर्याप्त

पंजाब/यूटर्न/28 मार्च। मिडिल ईस्ट की जंग के बीच पंजाब में पेट्रोल-डीजल को लेकर मारामारी मची हुई है। जालंधर, अमृतसर और लुधियाना के 2 पेट्रोल पंप ड्राई हो गए थे। बठिंडा में भी बांसल पेट्रोल पंप में पेट्रोल खत्म हो गया। जालंधर में शुक्रवार बंद हुआ इटउ चौक के पास वाले पंप में तेल आने के बाद इसे फिर खोल दिया गया है। इसी बीच मोगा में फूड एंड सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट ने पेट्रोल पंप मालिकों को एडवाइजरी जारी कर ड्रमों और कैनियों में डीजल भरने पर रोक लगाने को कहा है। इससे स्टोरेज और ब्लैकमार्केटिंग पर रोक लगेगी। वहीं पेट्रोल पंप एसोसिएशन




ने इसका विरोध किया। डीजल का उपयोग मोटर, पंपों, जनरेटरों, आदि में होता है। इन्हें पेट्रोल पंप पर लाना संभव नहीं है। इससे लोगों में पैनिक बढ़ेगा और परेशानी भी बढ़ेगी। वहीं लुधियाना के आजाद पंप के मैनेजर अजय ने बताया कि अभी लोगों को तेल की दिक्कत नहीं है लेकिन हमें पहले जो 2 गाड़ियां क्रेडिट पर यानी उधार मिलती थीं, वह सरकार की तरफ से बंद कर दी गई हैं। अब हमें एडवांस पेमेंट देनी पड़ती है, तभी गाड़ी वहां से चलती है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को चंडीगढ़ में कहा कि देश में लॉकडाउन लगने की कोई संभावना नहीं है। मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी ने भी इससे इनकार किया। पंजाब में तेल का पर्याप्त स्टॉक है। इसलिए लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

# जालंधर के गांधी कैंप में घुसा ओवरलोडेड ट्रक, बिजली के खंभे तोड़े



जालंधर /यूटर्न/28 मार्च।जालंधर के गांधी कैंप इलाके में एक ओवरलोडेड ट्रक ने बिजली के खंभों और तारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में बिजली के खंभे बुरी तरह टूट गए और पूरे मोहल्ले की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इलाके के निवासी ट्रक चालक की लापरवाही और प्रशासन की ढील को लेकर भारी रोष में हैं। जानकारी के अनुसार एक ओवरलोडेड ट्रक तंग गलियों के बीच घुस आया। ट्रक की ऊंचाई और उस पर लदे सामान के कारण ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें उसमें फंस गई। चालक ने जब ट्रक को आगे खींचने की कोशिश की, तो तारों के खिंचाव से बिजली के खंभे जोरदार धमाके के साथ उखड़कर जमीन पर आ गिरे। जिस समय खंभे गिरे, उस समय नीचे कोई व्यक्ति या बच्चा मौजूद नहीं था, वरना कोई बड़ा जानी नुकसान हो सकता था। इस घटना के तुरंत बाद पूरे गांधी कैंप और आसपास के मोहल्लों की बिजली कट गई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है के इस मामले पर जल्द से जल्द करवाई की जाये।

# अमृतसर में फायर ब्रिगेड का सराहनीय काम, ऊंचे पेड़ पर चाइनीज डोर में फंसे कौए को सुरक्षित बचाया

अमृतसर /यूटर्न/28 मार्च।अमृतसर के क्वींस रोड से एक बेहद भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसका वीडियो इस



समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में फायर ब्रिगेड के अधिकारियों की इंसानियत और संवेदनशीलता साफ झलकती है, जिसे देखकर हर कोई उनकी जमकर तारीफ कर रहा है। दरअसल, बीती रात फायर ब्रिगेड को एक कॉल मिली थी, जिसमें बताया गया कि एक कौआ चाइनीज डोर में बुरी तरह फंसकर एक ऊंचे पेड़ पर लटक चुका है और खुद को छुड़ाने में असमर्थ है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारी जगमोहन और गुरदेव सिंह के नेतृत्व में टीम ने पूरे समर्पण के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद उन्होंने सावधानीपूर्वक उस कौए को डोर से छुड़ाया। इस दौरान यह ध्यान रखा गया कि पक्षी को किसी तरह की अतिरिक्त चोट न पहुंचे। रेस्क्यू के बाद कौए की प्राथमिक उपचार के रूप में मरहम-पट्टी की गई और जब उसकी स्थिति ठीक हो गई, तो उसे आजाद कर दिया गया। इस घटना का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर आया, लोगों के दिल को छू गया। कमेंट्स में लोग अमृतसर प्रशासन और फायर ब्रिगेड की सराहना करते नहीं थक रहे हैं।

Uturn Time 29 Mar 2026_Layout 2 28-03-2026 22:59 Page 10



# चंडीगढ़ में सुषमा बिल्डर की कोठी के बाहर प्रदर्शन , बिजली पानी काटने पर भड़के लोग



चंडीगढ़ /यूटर्न/28 मार्च। चंडीगढ़ में पानी और बिजली कटौती को लेकर लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। सेक्टर-5 स्थित बिल्डर भारत मित्तल की कोठी के बाहर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। जानकारी के अनुसार, जीरकपुर के ढफ-7 एयरपोर्ट रोड स्थित सुषमा वेलेंशिया सोसाइटी के निवासी बलराम सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि वीरवार शाम को बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घरों की बिजली और पानी सप्लाई बंद कर दी गई।

इससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद शुक्रवार को वो सभी इक्ट्ठा होकर चंडीगढ़ स्थित बिल्डर की कोठी में बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे। उन्हों ने बताया के वह पिछले 4 साल से सोसाइटी में लगभग 650 मकानों में लोग रह रहे हैं और इस समस्या से जूझ रहे है। इस पर उनकी कई बार बिल्डर से बात की जा चुकी है , लेकिन उनका जवाब होता है के जल्द मिल जाएगा, लेकिन इसकी वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस स्टेशन सेक्टर-3 की टीम मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर संजीव ने पुलिस बल के साथ स्थिति को संभाला और प्रदर्शन कर रहे लोगों तथा बिल्डर के बीच बातचीत करवाई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करवाया। पुलिस के अनुसार, निवासियों की शिकायत दर्ज कर ली गई है। फिलहाल बिल्डर से बात कर पानी और बिजली की सप्लाई दोबारा चालू करवा दी गई है। पुलिस ने कहा कि अगर भविष्य में दोबारा ऐसी समस्या आती है तो मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## चंडीगढ़ नशा तस्करी केस में 10 साल की सजा , कोर्ट बोला दूसरों को मिले सबक




चंडीगढ़ /यूटर्न/28 मार्च।चंडीगढ़ में नशा तस्करी के खिलाफ स्पेशल कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हरगुरजीत कौर की अदालत ने मनीमाजरा क्षेत्र के रहने वाले आरोपी अजय को दोषी ठहराते हुए 24 मार्च को 10 साल की कैद और 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है ,जबकि सजा का आदेश 25 मार्च को जारी किया गया। जानकारी के अनुसार आरोपी को 4 मार्च 2020 को मनीमाजरा पुलिस थाना से गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से बुप्रेनॉर्फिन के 11 इंजेक्शन बरामद किए गए थे, जिनकी कुल मात्रा कमर्शियल कैटेगरी में आती है। जांच के दौरान लैब रिपोर्ट में इन इंजेक्शनों का कुल वजन 22.26 ग्राम पाया गया, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 के तहत केस दर्ज किया गया। सजा के दौरान आरोपी ने अदालत से नरमी की मांग करते हुए कहा कि वह परिवार का इकलौता कमाने वाला है और उसके ऊपर पुरे परिवार की जिम्मेदारी है।

हालांकि अदालत ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि नशा तस्करी जैसे गंभीर अपराध में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जा सकती। यह नशे का कारोबार समाज और युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है, इसलिए ऐसे मामलों में सख्त सजा जरूरी है ताकि दूसरों को भी सबक मिल सके।

# चंडीगढ़ एयर-शो का दूसरा दिन, एयरफोर्स की सूर्यकिरन टीम ने दखाये करतब





चंडीगढ़ /यूटर्न/28 मार्च। चंडीगढ़ में सुखना लेक पर चल रहे एयर शो का आज दूसरा और आखिरी दिन है। करीब एक घंटे चले एयर-शो में एयरफोर्स की टीम सूर्यकिरन ने आसमान में कई करतब दिखाए। टीम ने हवा में डायमंड, , तेजस, डीएनए । अंत में टीम के 2 फाइटर जेट ने हवा में धुएं से हार्ट बनाकर दर्शकों को धन्यवाद कहा। जैसे फॉर्मेशन बनाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। इसी के साथ एयर-शो संपन्न हुआ। इसे देखने के लिए हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और पंजाब के सीएम भगवंत मान और उनके साथ चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और हरियाणा के गवर्नर अशीम घोष मौजूद रहे। सुखना लेक को आम जनता के लिए दोपहर 2 बजे खोल दिया जाएगा।

## हल्लोमाजरा में गैस कनेक्शन बंद: हजारों परिवार परेशान, प्रशासन से तुरंत समाधान की मांग



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। हल्लोमाजरा कजहेरी और सेक्टर-52 क्षेत्र के हजारों परिवार इन दिनों नए गैस कनेक्शन बंद होने की समस्या से जूझ रहे हैं। तेल विपणन कंपनियों द्वारा नए कनेक्शन अस्थायी रूप से रोक दिए जाने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर शिकायतकर्ता विक्रम सिंह ने संबंधित विभाग में शिकायत भी दर्ज करवाई थी, लेकिन प्रशासन की ओर से उस शिकायत को ह्वनिपटाया गयाह्व बताकर बंद कर दिया गया। इससे स्थानीय निवासियों में नाराजगी बढ़ गई है। सोशल वर्कर अरविंद सिंह ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि गैस कनेक्शन का मामला सीधे लोगों की रसोई से जुड़ा है। कनेक्शन बंद होने से खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर असर पड़ रहा है, जिन्हें मजबूरी में महंगे और असुरक्षित विकल्प अपनाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई परिवार लंबे समय से नए कनेक्शन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय शिकायतें बंद करना उचित नहीं है। अरविंद सिंह और विक्रम सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नए गैस कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। साथ ही लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और जनता को स्पष्ट समयसीमा व पारदर्शी जानकारी देने की भी मांग की गई है। दोनों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उठाया जाएगा। वहीं, प्रशासन से अपील की गई है कि जनता की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल्द राहत प्रदान की जाए।

## वार्ड 23 के नेबरहुड पार्कों एवं ग्रीन बेल्ट में कोटा स्टोन प्लेटफॉर्म का शिलान्यास



चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। वार्ड 23 की पार्षद श्रीमती प्रेमलता ने आज सेक्टर 43 की ग्रीन बेल्ट में नेबरहुड पार्कों और ग्रीन बेल्टों में



स्थापित सीटिंग बेंचों के नीचे एक हजार कोटा स्टोन के प्लेटफॉर्म लगाने का शिलान्यास किया। इस अवसर पर एरिया पार्षद प्रेमलता ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म स्थानीय निवासियों की मांग पर लगाए जा रहे हैं। बारिश के मौसम में इन प्लेटफॉर्मों से बेंचों के नीचे पानी भरने की समस्या समाप्त हो जाएगी तथा पार्कों की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वार्ड के हर पार्क और ग्रीन बेल्ट को और अधिक सुविधाजनक एवं सुंदर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समारोह में एक्सियन प्रीतपाल सिंह, एसडीओ हिमांशु, जेई सनी, आरडब्ल्यूए प्रधान, श्री राजेश राय, अशोक पराशर, विक्रम चोपड़ा, एम.एस. भल्ला, राजेश हांडा, लोकेश चोपड़ा, आर.के. नैयर, अवतार सिंह, उमा शर्मा, सुषमा, मंजू, सुनीता, मुकेश देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल के लिए पार्षद प्रेमलता का आभार व्यक्त किया।

Uturn Time 29 Mar 2026_Layout 2 28-03-2026 22:59 Page 11



# पीजीआई में एंडोक्रिनोलॉजी पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू, लाइफस्टाइल को बताया 'पहली दवा'



चंडीगढ/यूटर्न/28 मार्च। पीजीआई के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय तीसरा रस्तोगीझ्रडैश क्लीनिकल केस कॉन्फ्रेंस शनिवार को शुरू हुआ। इस वर्ष सम्मेलन का विषय गैस्ट्रो-एंटेरो-पैनक्रियाटिक न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर्स (GEP-NETs) रखा गया है, जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ जटिल मामलों और नई चिकित्सा तकनीकों पर चर्चा कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रोफसर . विवेक लाल ने किया। उन्होंने कहा कि एंडोक्रिनोलॉजी की आत्मा रोकथाम (प्रिवेंशन) है और लाइफस्टाइल ही पहली दवा है। उन्होंने गैर-संचारी रोगों, खासकर डायबिटीज के बढ़ते खतरे को देखते हुए निवारक स्वास्थ्य और फिटनेस को जरूरी बताया।

उन्होंने प्रोफसर.आर. जे . देश और डॉ . गोपाल कृष्ण रस्तोगी को याद करते हुए उन्हें इस क्षेत्र के दूरदर्शी अग्रदूत बताया और उनकी समर्पण भावना को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताया। विभागाध्यक्ष प्रोफसर संजय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन अब राष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण अकादमिक मंच बन चुका है, जहां मरीज-केंद्रित सीख और केस आधारित चर्चा को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने बताया कि एंडोक्रिनोलॉजी विभाग को पिछले वर्ष मिले 200 करोड़ रुपये के शोध अनुदान में से 50 करोड़ रुपये विभाग ने स्वयं हासिल किए, जो उसकी शोध क्षमता को दशार्ता है।

सम्मेलन में सुमिता देश और पंकज शाह सहित अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की भागीदारी भी रही। इस मौके पर वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ . आर.वी ज्याकुमार और डॉ.एस. मुर्थ्य को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन के पहले दिन पैनक्रियाटिक न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर्स के इलाज में नई तकनीकों, जैसे टार्गेटेड थेरेपी, PRRT और सोमाटोस्टैटिन एनालॉग्स के उपयोग पर चर्चा हुई। साथ ही जटिल मामलों जैसे इंसुलिनोमा की पुनरावृत्ति, MEN-1 सिंड्रोम, एक्टोपिक ACTH और मेटास्टेटिक NETs पर विशेषज्ञों ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। देश के प्रमुख संस्थानों जैसे ऐम्स जोधपुर, SGPGI लखनऊ और अमृता इंस्टीट्यूट कोच्चि के शोधार्थियों ने ई-पोस्टर के माध्यम से दुर्लभ मामलों को प्रस्तुत किया।

# गुड फ्राइडे और ईस्टर के शुभ अवसर पर चंडीगढ़ शहर में क्रूस यात्रा




चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। चंडीगढ़ शहर में गुड फ्राइडे और ईस्टर के शुभ अवसर पर ट्राईसिटी चर्चिस एसोसियेशन की ओर से रोमन कैथोलिक चर्च, चंडीगढ़ और शिमला के बिशप सहाय टी थॉमस फादर प्रेमानंद तथा एसोसियेशन के प्रेसिडेंट लॉरेंस मलिक की अध्यक्षता में क्रूस यात्रा का आयोजन किया गया। रोमन कैथोलिक चर्च, चंडीगढ़ और शिमला के बिशप सहाय टी थॉमस फादर प्रेमानंद ने कहा कि क्रूस यात्रा का आयोजन प्रेम व शांति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमें सभी से प्रेम करना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए।

ट्राईसिटी चर्चिस एसोसियेशन के प्रेसिडेंट लॉरेंस मलिक ने इस मौके पर यीशु मसीह के बलिदान और शिक्षाओं के बारें में बात करते हुए कहा कि हमें यीशु के द्वारा क्रूस पर बोले गए सात वचनों पर चलना चाहिए ताकि हम एक सुखी और आत्मिक जीवन व्यतीत कर सकें। ये वचन क्षमा, प्रेम, विश्वास, और त्याग के प्रतीक हैं। यीशु के सात वचन इस प्रकार हैं:-

- 'हे पिता, तू उन्हें क्षमा कर, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या करते हैं।' (लूका 23:34)
- 'आज तू मेरे साथ स्वर्ग में होगा।': (लूका 23:43)
- 'देखा, यह तेरा पुत्र है!': (यूहन्ना 19:26-27)
- 'हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों त्याग दिया?': (मत्ती 27:46, मरकुस 15:34)
- 'मुझे प्यास लगी है।': (यूहन्ना 19:28)
- 'सब कुछ पूरा हो गया है।': (यूहन्ना 19:30)
- 'हे पिता, मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूँ।': (लूका 23:46)

*इस क्रूस यात्रा की शुरूआत*

*रोमन कैथोलिक चर्च सेक्टर 19 चंडीगढ़ से हुई। यह 19 मार्किट से होते हुए सेक्टर 18 इनर एरिया से गुजरते हुए सेक्टर 17-18 लाइट पॉइंट से निकलते हुए सेक्टर 17-18-21-22 बस स्टैंड की तरफ से होते हुए अरोमा लाइट पॉइंट और वहाँ से होते हुए सीधे जेडब्ल्यू मेरियट चौक से सेक्टर 34-35 लाइट पॉइंट और वहाँ से अंदर की तरफ मुड़ते हुए सीधे सेक्टर 35 बी चर्च ऑफ चंडीगढ़ पहुंची और सम्पन्न हुई। सभा को सामुदायिक भोजन परोसा गया और इसके बाद समारोह की समाप्ति सामुदायिक प्रार्थना के साथ हुई। इस अवसर पर बिशप सहाया टी थॉमस के साथ फादर प्रेमांनंद, बिशप ब्रायन एंडरसन, पास्टर एलिशा मसीह, हिलरी विक्टर, ब्रो यूनुस पीटर, राज कुमार गुड्डू, पास्टर जगदीश सिंह, रेव्रंड तनुज पाल मसीह, पास्टर राजेश बालू, बिशप रणदीप मैथ्यू और अन्य मसीही लोग उपस्थित थे।*

# पेट्रोल -डीजल पर एक्साइट ड्यूटी घटाकर मोदी सरकार ने एक बार फिर लोक हितैषी होने का परिचय दिया - तीक्ष्ण सूद



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/28 मार्च। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा है कि इजराइल ,अमेरिका तथा खाड़ी देशो व ईरान के मध्य युद्ध लंम्बा खींचने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतो में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही है। जिसका असर भारत के पेट्रोलियम पदार्थो के उपभोगताओ पर भी पढ़ रहा है। जिससे सभी वस्तुए महंगी हो जाएगी। इस स्थिति का प्रभाव कृषि उदयोग ,ट्रांसपोर्ट तथा विशेष कर गरीब जनता पर पढ़ने वाला है।

# जालंधर के बॉडी बिल्डर घुम्मन की मौत का मामला भाई रब्बी ने दी स्वास्थ्य मंत्री को सीधी चेतावनी



जालंधर /यूटर्न/28 मार्च। जालंधर के प्रसिद्ध शाकाहारी बॉडी बिल्डर वरिंदर घुम्मन की संदिग्ध मौत के मामले में अमृतसर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल के चार वरिष्ठ डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 106(1) के तहत लापरवाही का आरोप लगाया गया है। यह घटना 9 अक्टूबर 2025 की है, जब वरिंदर घुम्मन की सर्जरी के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना से खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई थी। लंबे समय तक न्याय की मांग करने के बाद अब परिवार को आंशिक राहत मिली है। एफआईआर में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. तपिश शुक्ला, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अलका तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कौर और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अरुण कुमार चोपड़ा के नाम शामिल हैं। परिवार का आरोप है कि सर्जरी के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण एक स्वस्थ खिलाड़ी की जान चली गई। वरिंदर के भाई रब्बी बाजवा ने सोशल मीडिया पर ऑपरेशन का वीडियो साझा करते हुए इसे ह्लहत्याह्व करार दिया है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य मंत्री पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं तथा चेतावनी दी है कि वे सच को सार्वजनिक करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**Kiara Advani**



# ईरान-अमेरिका युद्धः अबू धाबी में मिसाइल रोकने के बाद गिरे मलबे से 5 भारतीय बुरी तरह घायल

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। शनिवार को अबू धाबी के खलीफा इकोनॉमिक जोन के पास एक बैलिस्टिक मिसाइल को रोके जाने के बाद गिरे मलबे की चपेट में आने से कम से कम पाँच भारतीय नागरिक बुरी तरह घायल हो गए। अबू धाबी मीडिया ऑफि स ने एक्स पर इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अधिकारी एक आग की घटना पर कार्रवाई कर रहे थे, जो हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोके जाने के कारण लगी थी। मीडिया ऑफि स ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि पाँच भारतीयों को मध्यम से लेकर मामूली चोटें आई हैं। मीडिया ऑफि स ने कहा, अबू धाबी के संबंधित अधिकारी खलीफा इकोनॉमिक जोन के आसपास आग लगने की दो घटनाओं पर कार्रवाई कर रहे हैं। ये घटनाएँ हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोके जाने के बाद गिरे मलबे के कारण हुई हैं। आगे की जानकारी समय-समय पर दी जाएगी।



## हमले में मामूली चोटें आई

खलीफा इकोनॉमिक जोन के आसपास पहले बताई गई घटना के संबंध में चल रही कार्रवाई के तहत, जो हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोके जाने के बाद गिरे मलबे के कारण हुई थी, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस घटना में भारतीय नागरिकता वाले पाँच लोगों को मध्यम से लेकर मामूली चोटें आई हैं।

## UAE में एक भारतीय की मौत

अधिकारियों ने नागरिकों को सलाह दी कि वे फजी खबरों पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें। ₹जनता को सलाह दी जाती है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और अफवाहें या बिना पुष्टि वाली जानकारी फैलाने से बचें। इससे पहले गुरुवार को, संयुक्त अरब अमीरात में मारे गए दो लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। यह घटना तब हुई जब देश की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों का मलबा अबू धाबी की एक सड़क पर गिर गया, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में मारे गए भारतीयों की कुल संख्या बढ़कर सात हो गई।

# दिल्ली से चंडीगढ़ तक एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट -राजेंद्र जैना

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मार्च। निमार्ता, निर्देशक, लेखक, अभिनेता और गायक डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना के एंटरटेनमेंट शो का दायरा अब दिल्ली से बाहर चंडीगढ़ तक पहुँच गया है। चंडीगढ़ स्थित करतार आसरा आश्रम में ह्लएक शाम वृद्धों के नामह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आश्रम के बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए उनके समय के मशहूर गीतों से भरी एक विशेष संगीतमय शाम प्रस्तुत की गई।




इस अवसर पर डॉ. ई. राजेंद्र जैना ने कहा कि गाना गाना उनकी हॉबी है, लेकिन इसके माध्यम से वह उन लोगों के बारे में सोचते हैं जो जीवन की इस भीड़ में अकेले रह गए हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गो को कपड़े और भोजन उपलब्ध कराते हैं, लेकिन उनकी जरूरतें इससे कहीं ज्यादा हैं। सबसे जरूरी है उनके साथ समय बिताना, उनकी कहानियाँ सुनना, उनके अनुभवों को समझना और उनका मनोरंजन करना। इसी सोच के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मोनिका ने कहा कि यहाँ आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा और वे यहाँ से बहुत कुछ सीखकर जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना ने कई पुराने लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा। कई वृद्धजन आगे आए और अपने जीवन के अनुभव साझा कर मन हल्का किया। कुछ बुजुर्गो ने गीत गाए और कई महिलाओं ने नृत्य भी किया। कार्यक्रम का सबसे रोमांचक पल तब आया जब राजेंद्र जैना ने ओ जानेमन दिलारा-एक नजर इधर भी, किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार,शोखियों में घोला जाए फूलों का सबाब,प्यार बांटते चलो, दिल करता ओह यार दिलदारा मेरा दिल करता₹ गीत प्रस्तुत किया और आश्रम के सभी वृद्धजन नाचने-गाने लगे।

इस अवसर पर डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना की आने वाली फिल्म 'बेदखल' का मुहूर्त भी किया गया। इस फिल्म का क्लैप करतार आसरा ट्रस्ट की फाउंडर एवं चेयरपर्सन माताजी चरण कमल कौर ने दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि डॉ. राजेंद्र जैना ने वृद्धों को भी नाचने-गाने पर मजबूर कर दिया और उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। उन्होंने वाहेगुरु से प्रार्थना की कि यह फिल्म सफलतापूर्वक पूरी हो और इसकी शूटिंग आश्रम व गुरुद्वारे में भी की जाए। कार्यक्रम में फिल्म क्रिटिक्स, क्रिएटिव फिल्म डायरेक्टर और जाने-माने पत्रकार सुनील पाराशर ने कहा कि आओ हम सब मिलकर एक नई जीने की राह सीखें।

उन्होंने कहा कि पहले लोग बच्चों को गोद लेते थे, तो क्यों न जिन लोगों के माता-पिता नहीं हैं वे ऐसे वृद्धों को गोद लेकर अपना परिवार पूरा करें। यह कार्यक्रम वास्तव में एक 'शाम वृद्धों के नाम' को सार्थक करता नजर आया, जहाँ संगीत, भावनाएँ और मानवीय संवेदनाएँ एक साथ देखने को मिलीं। इतना शानदार मनोरंजन देखकर आश्रम के जनरल मैनेजर बलजीत सिंह ने कहा कि वे चाहते हैं कि डॉ. राजेंद्र जैना हर महीने आकर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे वृद्धों के जीवन में नई रोशनी आए और उन्हें जीने की नई उमंग मिले। इस अवसर पर लाइफ केरी ऑन संस्था से शफीक उर रहमान , गोपाल और मुमताज भी शामिल हुए. शफीक उर रहमान ने कहा की इस तरह के कार्यक्रेम सभी के लिए प्रेरणो का काम करते है।

# कायाकल्प पुरस्कार 2025-26 में पीजीआईएमईआर को दूसरा स्थान मिला



अशोक सहगल

चंडीगढ़/लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER), चंडीगढ़ ने कायाकल्प योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में केंद्रीय सरकारी अस्पतालों/संस्थानों की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वच्छता, हाइजीन, संक्रमण नियंत्रण, अस्पताल रखरखाव तथा रोगी-अनुकूल वातावरण बनाए रखने में पीजीआईएमईआर के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देते हुए संस्थान को रुपये 1,50,00,000/- (एक करोड़ पचास लाख रुपये) की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। कायाकल्प पहल का उद्देश्य देशभर के सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण तथा समग्र रोगी देखभाल वातावरण में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। पीजीआईएमईआर की यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने और राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करने की संस्थान की सतत प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्रो. विवेक लाल, निदेशक, PGIMER ने कहा, 'यह उपलब्धि रोगी देखभाल और अस्पताल स्वच्छता में पीजीआईएमईआर की उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करना हमारे संपूर्ण कार्यबल की निष्ठा और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जो हमारे लिए वास्तविक कर्मयोगी हैं। हम अपने सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बनाते रहेंगे ताकि भविष्य में और ऊँचे मानक स्थापित कर सकें।' उसी भावना को दोहराते हुए पंकज राय, उपनिदेशक (प्रशासन), PGIMER ने कहा, 'कायकल्प केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि सतत गुणवत्ता सुधार की यात्रा है।



# मिशन प्रगति बना युवाओं के लिए वरदान, फ्री कोचिंग से 6 को मिली सरकारी नौकरी

सोनू टुटेजा

पंजाब/लुधियाना/यूटर्न/28 मार्च। सरकार की पहल 'मिशन प्रगति' युवाओं के लिए बड़ी राहत और अवसर साबित हो रही है। बठिंडा में इस योजना के तहत कॉम्पिटिटिव एग्जाम की फ्री और फोकस्ड कोचिंग के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। पहले बैच के 40 विद्यार्थियों में से 6 को सरकारी नौकरी मिल चुकी है, जिससे इस पहल की सफलता स्पष्ट होती है। डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने एक सम्मान समारोह में इन चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। इस मौके पर डीआईजी हरजीत सिंह और एसएसपी डॉ. ज्योति यादव बैंस भी उपस्थित रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372

Uturn Time 29 Mar 2026_Layout 2 28-03-2026 22:59 Page 12